पीएम मोदी ने दिया भ्रष्टाचार मुक्त भारत : राजेन गोहेन

Publish Date:Thu, 15 Jun 2017 03:36 AM (IST) | Updated Date:Thu, 15 Jun 2017 03:36 AM (IST)

भागलपुर। रेल राज्य मंत्री राजेन गोहेन ने बुधवार को नवगछिया में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभालते ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत देने का वादा किया था, जिसे उन्होंने पूरा किया। सरकार के तीन वर्ष पूरा हो गए हैं, कहीं से भी भ्रष्टाचार की चर्चा तक नहीं है। रेल राज्य मंत्री नवगछिया में सबका साथ, सबका विकास सम्मलेन में शिरकत करने पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाई और प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत पचास लाभुकों के बीच मुफ्त में गैस कनेक्शन वितरित किया। इससे पूर्व रेल परिसर में कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रेल राज्य मंत्री, नोखा के विधायक रामेश्वर चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री राधा मोहन शर्मा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अभय गिरी, राष्ट्रीय कार्यकारणी किसान मोर्चा के सदस्य सुबोध सिंह कुशवाहा, क्षेत्रीय प्रबंधक सुनील कुमार, एलपीजी बिहार के राज्य समन्वयक अरूणवा विश्वास ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष विनोद मंडल ने की। इस मौके पर रेल राज्य मंत्री को अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया।

रेल राज्य मंत्री राजेन गोहेन ने बुधवार को नवगछिया में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभालते ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत देने का वादा किया था, जिसे उन्होंने पूरा किया।

नोटबंदी से दो लाख करोड़ कालाधन आया वापस

रेल राज्य मंत्री ने कहा कि कालाधन वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री ने चार राज्यों में चुनाव रहते हुए भी नोटबंदी लागू की। नोटबंदी से दो लाख करोड़ कालाधन देश के खाते में जमा हो गया। बेनामी संपत्ति पर रोक लगाने के लिए एक्ट लागू कर दिया। जनधन योजना के तहत पूरे देश में 20 करोड़ गरीबों का खाता खुल गया। अब सरकारी योजनाओं की लाभ राशि सीधे गरीबों के खाते में भेजी जा रही है। बीच में दलाली समाप्त हो गई। युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण पाकर देश के युवा रोजगार पा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने पूरे विश्व में योग दिवस लागू किया। भारत स्वच्छता मिशन योजना लागू की। अब गली मुहल्ले, सड़कें सहित स्टेशनों में भी गंदगी नहीं दिखती है। रेलवे में 90 पैसा के इंश्योरेंस पर दस लाख रुपये का दुर्घटना बीमा मिलता है। किसान सिंचाई योजना, सुकन्या योजना, अटल पेंशन योजना लागू की गई।

केंद्र सरकार ने गरीबों के लिए लाई कई विकास योजनाएं : अनिल

सम्मेलन में आए नोखा के भाजपा विधायक रामेश्वर चौरसिया ने कहा कि केंद्र सरकार घोषाणा पत्र से बाहर जाकर उज्वला योजना के तहत पाच करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिया। बिहार में भाजपा की सरकार बनी तो सभी घरों में गैस कनेक्शन दिया जाएगा। पूर्व सांसद अनिल यादव ने कहा कि तीन वर्षो के कार्यकाल में नरेंद्र मोदी की सरकार ने गरीबों के लिए कई विकास योजनाएं लागू की। नवगछिया जैसे छोटे स्टेशन पर राजधानी का ठहराव दिया गया। उन्होंने रेल राज्य मंत्री से डीएमयू ट्रेन कटिहार से बरौनी के बीच चलाने की माग की। कार्यक्रम के प्रायोजक भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से एलपीजी के बिहार प्रमुख अमरेंद्र कुमार, मुजफ्फरपुर एलपीजी के मैनेजर सौनील कुमार, सेल्स अधिकारी मीनू, रामप्रवेश दास आदि थे।

भेंट की मंजूषा पेंटिग, सौंपा मांग पत्र

भाजपा के नगर अध्यक्ष मुकेश राणा के नेतृत्व में मंजूषा पेंटिग रेल राज्य मंत्री को भेंट की गई। माग पत्र भी सौंपा गया। नयाटोला से बाजार तक अंडरपास ओवरब्रिज की माग की गई। स्टेशन पर शेड की संख्या बढ़ाने और कामख्या एक्सप्रेस के नवगछिया में ठहराव की माग की गई। क्लीन नवगछिया ग्रीन नवगछिया ने रेल राज्य मंत्री के साथ लोहे की जाली लगाकर पौधारोपण किया। मौके पर अध्यक्ष चंद्रगुप्त साह, संयोजक श्रीधर कुमार, मीडिया प्रभारी अशोक केडिया आदि मौजूद थे। जिला परिषद सदस्य शबाना आजमी, नंदनी सरकार, कुमकुम देवी, भाजपा के जिला महामंत्री अधिवक्ता अजीत कुमार ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

By **Jagran**

मोबाइल पर भी अपनी पसंदीदा खबरें और मैच के Live स्कोर पाने के लिए जाएं m.jagran.com पर